TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

Teachers of Bihar
*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 05 जून

1. **विश्व पर्यावरण दिवस–** संयुक्त राष्ट्र संघ की अगुवायी में पृथ्वी पर समग्र पर्यावरण पर सम्मेलन (5 जून 1972) को शुरू हुई थी। 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाने की घोषणा इसी सम्मेलन में की गई। इसी सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का जन्म हुआ।
   - **संदर्भः** वर्ग 7, हिन्दी की पाठ्यपुस्तक **'किसलय भाग–2' के अध्याय 16;** वर्ग 7, भूगोल की पाठ्यपुस्तक **'हमारी दुनिया भाग–2' के अध्याय 6 और 7** से जोड़कर चर्चा करें।

2. **अवैध और अनियमित तरीके से मछली पकड़ने के खिलाफ लड़ाई के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस–** मात्स्यिकी भोजन, रोजगार, मनोरंजन, व्यापार और आर्थिक गतिविधियों के लिए एक विशाल अवसर प्रदान करता है। लेकिन विश्व भर में प्रतिवर्ष 11–26 मिलियन टन मत्स्य को अवैध रूप में शिकार किया जाता है। इसमें कई विलुप्त प्राय प्रजातियां भी होती हैं। लोगों में इसकी जागरूकता जगाने के लिए वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष 5 जून को यह दिवस मनाया जाता है।
   - **संदर्भः** वर्ग 8, **'विज्ञान भाग–3', पाठ 12,** से जोड़कर इसकी चर्चा करे। बच्चों के साथ विलुप्त तथा विलुप्तप्राय जीवों के बारे में भी चर्चा कीजिए।

3. **कानपुर और झांसी से विद्रोह–** सन् 1857 में 5 जून को कानपुर में सैनिक विद्रोह शुरू हुआ। इसका नेतृत्व पेशवा बाजीराव द्वितीय के दत्तक पुत्र नाना साहेब (धोंधू पंत) ने किया। इनकी सहायता अजीमुल्ला खां और तांत्या टोपे ने किया। नाना साहेब को पेशवा घोषित कर दिया गया। उधर झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई ने भी अपने दत्तक पुत्र दामोदर राव को झाँसी की गद्दी न दिये जाने के कारण अंग्रेजों के खिलाफ बिगुल फूँक दिया।
   - **संदर्भः** वर्ग 8, इतिहास की पुस्तक **अतीत से वर्तमान भाग 3, अध्याय 6** से जोड़कर चर्चा करें।

4. **गर्म गुब्बारे का अविष्कार–** फ्रांस निवासी मांट गोल्फियर्स नामक दो भाइयों (जोसेफ और जैक्स) ने 5 जून, 1783 ई. को 33 फुट की परिधि के पतले कपडे के गुब्बारे को भूसे की आग की गरम हवा से भरकर उडाने का सफल प्रदर्शन किया। धुएँ से भरा यह गुब्बारा लगभग 6000 फुट की ऊँचाई तक ऊपर गया और लगभग 10 मिनट तक उड़ता रहा और लगभग 2 किलोमीटर की यात्रा तय किया। जब गुब्बारे के भीतर की गरफ गैस ठंडी हो गई तो वह दो मील दूर जाकर धरती पर गिर पड़ा। इस करिश्मे से गोल्फियर बंधु गुब्बारों के जनक के रूप में मशहूर हो गये।

Wednesday

# दिवस विशेष

5 जून

मधु प्रिया

## विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून



जनजीवन को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण का सुरक्षित रहना बहुत जरूरी है। विश्व के देश आधुनिकता की ओर बढ़ रहे हैं लेकिन इस राह में दिनों दिन दुनियाभर में ऐसी चीजों का इस्तेमाल बढ़ गया है और इस तरह से लोग जीवन जी रहे हैं, जिससे पर्यावरण खतरे में हैं। इंसान और पर्यावरण के बीच गहरा संबंध है। प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं। ऐसे में प्रकृति के साथ इंसानों को तालमेल बिठाना होता है। लेकिन लगातार वातावरण दूषित हो रहा है, जिससे कई तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं, जो हमारे जनजीवन को तो प्रभावित कर ही रही हैं, साथ ही कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं की भी वजह बन रही हैं। सुखी स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का संरक्षण जरूरी है। इसी उद्देश्य से हर साल विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोगों को पर्यावरण के प्रति सचेत किया जाता है और पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। इसे 5 जून से 16 जून तक संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन में चर्चा के बाद शुरू किया गया था। 5 जून 1973 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस बार विश्व पर्यावरण दिवस 2023#BeatPlasticPollution' थीम के साथ मनाया जा रहा है। पर्यावरण में फैला प्रदूषण धीरे-धीरे वैश्विक संकट बनते जा रहा है। जिसके प्रति लोगों को जागरूक करने का दिन ही है प्रकृति दिवस।

# जन्मदिन विशेष 05 जून

राकेश कुमार






**रमेश कृष्णन** *Ramesh Krishnan*, जन्म- 5 जून, 1961, चैन्नई) भारत के प्रसिद्ध टेनिस प्रशिक्षक और पूर्व टेनिस खिलाड़ी हैं। 1970 के दशक के अंत में कनिष्ठ खिलाड़ी के रूप में इन्होंने विंबल्डन और फ्रेंच ओपन में पुरुष एकल का खिताब जीता था। वर्ष 1980 के दशक में तीन ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फ़ाइनल तक पहुंचे और डेविस कप टीम में भी फ़ाइनल तक पहुंचे थे। रमेश कृष्णन 2007 में भारत के डैविस कप कप्तान रहे थे। ये रामनाथन कृष्णन के पुत्र हैं, जो भारत के प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी रहे हैं। इन्हें 1998 में भारत सरकार ने 'पद्मश्री' सम्मान से सम्मानित किया था।

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 05.06.2024

## वाक्यांश

व्याकरण में, एक वाक्यांश - जिसे कुछ संदर्भों में अभिव्यक्ति कहा जाता है - शब्दों का एक समूह या एकवचन शब्द है जो व्याकरणिक इकाई के रूप में कार्य करता है। उदाहरण के लिए, अंग्रेजी अभिव्यक्ति "बहुत खुश गिलहरी" एक संज्ञा वाक्यांश है जिसमें विशेषण वाक्यांश "बहुत खुश" शामिल है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**भारत की सबसे ठंडी जगह द्रास (लद्दाख) हैं।**

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## टी-20 वर्ल्ड कप 2024



## टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा चेज

| टीम | बनाम | चेज | कहां | कब |
|---|---|---|---|---|
| इंग्लैंड | साउथ अफ्रीका | 230 | मुंबई | 2016 |
| साउथ अफ्रीका | वेस्टइंडीज | 206 | जोबर्ग | 2007 |
| अमेरिका | कनाडा | 195 | डलास | 2024 |
| वेस्टइंडीज | भारत | 193 | मुंबई | 2016 |
| ऑस्ट्रेलिया | पाकिस्तान | 192 | ग्रोस आइलेट | 2010 |

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# भारत में राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली स्थापित करने वाले अग्रणी नेता

# सतीश चंद्र मुखर्जी

के जयंती पर सादर नमन।

जन्म- 5 जून 1865-मृत्यु- 18 अप्रैल 1948



www.teachersofbihar.org

Madhu priya

जन्म 5 जून 1972

गोरखपुर के प्रसिद्ध गोरखनाथ मन्दिर के महन्त, राजनेता और वर्तमान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री



# योगी आदित्यनाथ

के जन्मदिवस पर टीचर्स ऑफ बिहार परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

www.teqchersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
5 जून 2023
विश्व पर्यावरण दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
सुखी स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का संरक्षण जरूरी है। लोगों को पर्यावरण के प्रति सचेत करे और पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित करें।
www.teacherofbihar.org
Madhu priya

05 जून 2024


Teachers of Bihar

The Change Makers

# आज का सुविचार

मजबूत दिमाग विचारों पर चर्चा करता है, औसत दिमाग घटनाओं पर चर्चा करता है, कमजोर दिमाग लोगों पर चर्चा करता है।

अरस्तू



राकेश कुमार